


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 162 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 24 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

## नाबालिग को चाकू मारे, मौत

**उज्जैन, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** तराना के ग्राम बागोदा में नाबालिग की हत्या का मामला सामने आया है। मेला देखकर शुक्रवार रात को चचेरे भाई-बहनों के साथ लौट रहे नाबालिग को गांव के समीप ही कुछ बदमाशों ने रोक लिया। नाबालिग ने बचने का प्रयास किया तो उसे दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारे। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या को लेकर गांव में भारी आक्रोश है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि गणेश पुत्र मायाराम डाबी उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम बागोदा शुक्रवार रात को गांव के समीप लगे मेले में अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ गया था। देर रात को वह मेला देखकर लौट रहा था। उसी दौरान कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और चाकू से हमला किया। नाबालिग करीब 600 मीटर तक दौड़ा था। हमलावरों ने उसके पेट में चाकू मारे। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नाबालिग की हत्या से गांव में आक्रोश फैल गया। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने देर रात में ही तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मजदूर की मौत के बाद सजग हुआ प्रशासन...

# जागे अधिकारी, पहुंचे पान स्टील

## एक साथ कई विभागों की टीम ने किया निरीक्षण





पेन टीएमटी फैक्टरी मालिकों की जेब में प्रशासन?
नियमों को ताक पर रखकर फैक्टरी उड़ा रही धुआं, सुरक्षा के अभाव में गई एक मजदूर की जान
मिडिल स्कूल से सटी हुई दीवार, रहवासी क्षेत्र में हो रहा संचालन
यह विभाग नहीं निभा रहे जिम्मेदारी...

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर से केवल 10 किलो मीटर फतेहगढ़ में नियमों का मखौल उडा कर चल रहीं पान स्टील में शनिवार को एक साथ कई विभागों ने दबिश देकर फेक्ट्री को खंगाला। चार दिन पहले ही फेक्ट्री में क्रेन से उलझकर एक मजदूर अपनी जान गंवा बैठा था। जिसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने समझौता कर मामलें को रफा-दफा किया था। लेकिन, यह एक मामला नहीं है। बल्कि कीमती सहित कुछ पार्टनरों की यह फेक्ट्री पहले भी कई बार नियमों का पालन नहीं करने को लेकर चचाओं में आ चूकी है।

जानकारी के मुताबिक पान स्टील पर जीएसटी विभाग, पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, औद्योगिक सुरक्षा विभाग, श्रम विभाग, कारखाना निरीक्षक विभाग के करीब बीस से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों का दल शनिवार को पान स्टील पर पहुंचा और कागजों को खंगाला। फैक्ट्री का भौतिक निरीक्षण भी किया। बताया जा रहा है कि प्रशासन को काफी दिनों से फेक्ट्री के बारे में शिकायते मिल रहीं थी। इसके बाद शनिवार को एक साथ विभागों ने कार्रवाही की, हालांकि जांच में क्या मिला इसका खुलासा अधिकारियों ने नहीं किया।



# रास्ते के विवाद में एक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर किया चक्काजाम

## टीआई को हटाने और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**भानपुरा, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव अंत्रालिया में खेत के रास्ते की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके बाद शनिवार को जैसे ही एंबुलेंस शव लेकर पहुंची, ग्रामीण आक्रोशित हो गए, उन्होंने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और टीआई को हटाने के साथ ही सभी आरोपियो की गिरफ्तारी तथा आरोपियों के मकान तोड़े जाने की मांग रखी। एसडीएम चन्दर सिंह सोलंकी, गरोठ एसएसपी हेमलता कुरील, मंदसौर एएसपी गौतम सोलंकी, तहसीलदार, एसडीओपी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया। जिसके बाद आरोपियों के बाड़े तोडने की कार्रवाही की। तब जाकर ग्रामीण माने और शव का अंतिम संस्कार किया।

उल्लेखनीय है कि भानपुरा के अंत्रालिया गांव में सुथार और भाट समाज के लोगों के बीच खेत के रास्ते को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। चार महीने पहले तहसीलदार के सामने दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। इसमें रास्ते से आने जाने की सहमति दोनों पक्षों ने जताई थी। लेकिन, शुक्रवार को दोनो पक्ष आमने-सामने हो गऐ थे। जिसमें एक पक्ष के 9 ओर दूसरे पक्ष से 2 लोग घायल हो गऐ। 9 घायलों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक 70 वर्षीय लालचंद पिता भंवर लाल सुतार का शव शनिवार को गांव पहुंचा तो ग्रामीण आक्रोशित हो गऐ उन्होंने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम किया। ग्रामीणों की मांग थी कि थाना प्रभारी को लाइन किया जाए, आरोपियों केअवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए, मृतक के परिजनों को सहायता राशि की दी जाए और घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए। दोपहर ढाई बजे तक परिजनों और प्रशासन के बीच सुलह की बात होती रही, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। इसके बाद प्रशासन ने आरोपियों के बाड़े तोड़ने की कारवाई शुरू की, तब कहीं जाकर ग्रामीण माने और मृतक का अंतिम संस्कार किया। मृतक



लालचंद के बेटे सुनील ने बताया की चार माह पहले हमारे बीच लिखित में समझौता हुआ था। इसकी एक कॉपी हमने भानपुरा थाने पर दी थी। इसके साथ ही पुलिस को मौखिक रूप से यह भी बताया था की सामने वाला पक्ष हमें धमकियां दे रहा है। तब टीआई साहब ने कहा की दोनों पक्षों को बुलाकर समझा देंगे। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को दोपहर हमारे परिवार के लोग खेत पर काम कर रहे थे। पिताजी पशुओं को पानी पिलाने गए थे। इस दौरान देवीलाल, विष्णु और उसके साथ 20-30 लोग डंडे और धारदार हथियार लेकर आए और पिताजी पर हमला कर दिया। हम लोग बचाने पहुंचे तो वे हम पर भी टूट पड़े।

## दम्पत्ति से मारपीट के मामले में दम्पत्ति पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रंजिश को लेकर दम्पत्ति के साथ मारपीट करने वाले दम्पत्ति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। सोकड़ी निवासी पूनमबाई बावरी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश को लेकर सुखराम भील व उसकी पत्नी ने मेरे व मेरे पित सुरेश को गालियां दी, हमने गालियां देने से मना किया तो हम दोनों के साथ मारपीट करने लगे। जिससे हमें चोंटे आइ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### चचेरे भाई पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में चचेरे भाई के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। रायसिंह पिपलिया निवासी भगवानसिंह चन्द्रावत ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में रात्रि घर के बाहर सो रहा था, इस दौरान बड़े पिताजी का लड़का जयसिंह पिता करणसिंह आया और बोला कि तुम अपने जानवरों को हमारी दिवार के पास क्यों बांधते हो। यह बोलते हुए गाली-गलौज की व मारपीट की व लकड़ी से भी मारा। पुलिस ने जयपालसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया।

### वारंटी को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने राजस्थान के बड़ीसादड़ी थाने में धारा 394 के मामले में स्थाई वारंटी खेड़ा कोयला निवासी मोहन उर्फ मोटा (37) पिता रघुनाथ बंजारा को पकड़ा। जिसे राजस्थान पुलिस के सुपुर्द किया।

# चुनाव आयोग को कलेक्टर की शिकायत

## भाजपा ने कहा-जनप्रतिनिधियों के नाम पट्टिकाओं से हटाना गलत

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद भाजपा ने पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार और मंदसौर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के विरुद्ध चुनाव आयोग में शिकायत की है। इन अफसरों के विरुद्ध जनप्रतिनिधियों के नाम पट्टिकाओं से हटवाने को लेकर शिकायत की गई है और इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। उधर, कांग्रेस भी चुनाव आयोग से सरकार के विरुद्ध शिकायत करने की तैयारी में है। इसमें बताया जाएगा कि जिन अधिकारियों को चुनाव आयोग ने पिछले चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी से अलग किया था। उन्हें ही चुनावी जिम्मेदारी सौंपने का काम दिया जाएगा।

भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से पन्ना तहसीलदार और पन्ना तथा मंदसौर के कलेक्टरों के खिलाफ शिकायत की है। इसमें बीजेपी ने जनप्रतिनिधियों की नाम पट्टिकाओं को हटाने और निजी दीवारों पर पार्टी के चिन्ह को मिटाने की कार्यवाही को तत्काल रोकने की मांग की है। शिकायत में कहा है कि पन्ना तहसीलदार और मंदसौर कलेक्टर अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर नामपट्टिकाओं को हटाने के साथ निजी दीवारों पर लिखे गए पार्टी के नारे, स्लोगन की पुताई करा रहे हैं। जबकि, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता की कंडिका क्रमांक-9.6.1 में स्पष्ट किया है कि ऐसे लाभार्थी कार्ड, निर्माण स्थल पट्टिका आदि पर राजनैतिक पदाधिकारियों के फोटो पर कोई आपत्ति नहीं है जो निर्वाचन की घोषणा के पहले निर्मित किए गए हों। यह भी कहा गया है कि विशेष संदर्भ में उल्लेखित है कि किसी भी प्रकार




से प्राइवेट दीवारों पर की गई पुताई या चिन्हों को नहीं हटाना है, जो भवन स्वामी की सहमति से पोता या लिखा गया हो। लेकिन, दोनों जिलों के कलेक्टरों द्वारा जानबूझकर ऐसा कृत्य किया जा रहा है जो अपराध की श्रेणी में आता है।

# वायरल की जकड़ में लोग, 15 दिन में नहीं हो पा रहे ठीक




**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस। बड़े अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में इन दिनों सभी वार्ड वायरल बुखार, सर्दी-खासी के मरीजों से भरे पड़े है। सामान्यत: वायरल बुखार 4-5 दिन में ठीक हो जाता है। लेकिन, इन दिनों हर दूसरे मरीज की यही शिकायत है कि वायरल संक्रमण के कारण 10-15 दिन बाद भी गले में खराश, शरीर में दर्द बना हुआ है। इसके अलावा बाल चिकित्सालय में बच्चों में मम्स के मामले बढ़ते जा रहे हैं। संक्रमण के कारण गले में सूजन, सिर दर्द और बुखार से बच्चे पीड़ित है।**

### एक माह से चल रही खांसी...

कई मरीजों ने बताया कि वायरल फीवर का पूरा उपचार लेने के बावजूद मेरी खासी बंद नहीं हो रही है, फीवर भी बना हुआ है। मेरे बच्चे को भी गले में इन्फेक्शन हो रहा है, मुझे खासी एक माह होने आए है। मुझे लग रहा है वैक्सीन का असर है। नहीं तो पहले बुखार और खासी ठीक होने में इतना समय नहीं लगता था।

### निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी...

शहर सहित अंचल के निजी अस्पतालों, दवाखानों में भी वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है की मौसम में बदलाव के चलते यह वायरल ज्यादा फेल रहा है। खानपान और रहन सहन का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# कांग्रेस से दिलीप गुर्जर मैदान में

## लगातार चौथी बार बाहरी पर भरोसा!



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नई दिल्ली में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद आखिरकार कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए। बात करें मंदसौर संसदीय क्षेत्र की तो यहां से दिलीप गुर्जर को मैदान में उतारा है। अब भाजपा उम्मीद्वार और सांसद सुधीर गुप्ता के सामने दिलीप गुर्जर मैदान में होगे। लगातार चौथी बार कांग्रेस ने बाहरी उम्मीद्वार पर भरोसा जताया है। इसके पहले मीनाक्षी नटराजन को लगातार तीन बार कांग्रेस ने उम्मीद्वार बनाया। जिसमें एक बार उन्हें जीत मिली।

### कोलकाता से आकर चुनाव लड़े थे कोठारी...

वर्ष 1967 में जनसंघ के टिकट पर कोलकाता (कलकत्ता) से सीए स्वतंत्र सिंह कोठारी चुनाव लडने आए। राजनीतिक जानकारी रखने वाले बुजुर्ग बताते हुए आरोप लगाते हैं कि रुपए से इस चुनाव में स्वतंत्रसिंह कोठारी ने टिकीट खरीदा था। वहीं एक बड़े उद्योगपति ने उनकी मदद की थी। उनके प्रचार में भी खूब तडक़-भडक़ रही। पहली बार जीप से प्रचार हुआ। उस समय के साक्षी रहे बुजुर्ग बताते हैं कि भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की मेहनत से कोठारी चुनाव जीत गए। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में किसी भी चुनाव में यह पहली बार हुआ कि उम्मीदवार जीतने के बाद कभी क्षेत्र में नहीं दिखाई दिया। कोठारी जीतने के बाद कोलकाता गए तो फिर पलटकर नहीं आए। उन्होंने मंदसौर संसदीय क्षेत्र पर ध्यान ही नहीं दिया।

### बाहरी को ज्यादा मौके नहीं...

संसदीय क्षेत्र की बात करें तो बाहरी उम्मीद्वार को दोनों ही दलों ने ज्यादा मौके नहीं दिए। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद कैलाशनाथ काटजू कश्मीरी पंडित जरुर थे। लेकिन, उनके पिता जावरा आ गए थे। यहीं कैलाशनाथ काटजू का जन्म हुआ। इसके अलावा पूर्व सांसद कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन यहां से तीन बार चुनाव लड़ी। इसमें एक बार चुनाव जीती। इसके अलावा स्वतंत्र सिंह कोठारी भी कोलकाता से यहां आकर चुनाव लड़े थे।

# सरकारी नर्सिंग कॉलेजों की समस्या के स्थाई समाधान की बजाय कर रहे टेंपरेरी व्यवस्था

**भोपाल/मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सीबीआई जांच हुई। जांच में जो गड़बड़ी पाई गई, उसका स्थाई समाधान करने की बजाय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अस्थाई समाधान करना शुरू कर दिया है। दरअसल, सरकारी नर्सिंग कॉलेजों की जांच में सामने आया था कि वहां न तो प्राचार्य है और ना ही उप प्रचार्य। फैकल्टी और छात्रों का रेशो भी ठीक नहीं था। इसके चलते अब सरकारी अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग आफिसर और सिस्टर ट्यूटर को नर्सिंग कॉलेजों में प्राचार्य और उप प्राचार्य सहित असिस्टेंट प्रोफेसर का प्रभार दे दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव के आदेश पर अपर संचालक संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने खाली पद भरने के लिए प्रभारी के रूप में पद स्थापना के आदेश भी जारी कर दिए हैं। वहीं, हमीदिया नर्सिंग कॉलेज सहित अन्य सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में रोटेशन के नियमों का भी पालन नहीं हो पा रहा है। मंदसौर सरकारी नर्सिंग कॉलेज में प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल नियमों के हिसाब से नहीं थे। नर्सिंग आफिसर आरती रामावत को सिस्टर ट्यूटर का प्रभार दिया गया है।

### ऐसे किया सरकारी कॉलेजों का समाधान

मंदसौर नर्सिंग कॉलेज: प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल नियमों के हिसाब से नहीं थे। नर्सिंग आफिसर आरती रामावत को सिस्टर ट्यूटर का प्रभार दिया गया है।

नर्सिंग कॉलेज दतिया: प्राचार्य की पोस्ट ही नहीं थी। उप प्राचार्य की पोस्ट थी, लेकिन इसमें कोई पदस्थ नहीं था। अब यहां सिस्टर ट्यूटर राबिया खान को उप प्राचार्य बनाया गया है। इसके अलावा 9 नर्सिंग आफिसर और ट्यूटर को नर्सिंग कॉलेज दतिया में पदस्थ किया गया है।

नर्सिंग एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर: स्टूडेंटस और फैकल्टी का रेशो नियमों के अनुसार सही नहीं था। अब यहां डीपीएचएनओ प्राचार्य अर्चना गायकवाड़ को बनाया गया है। वहीं, सिस्टर ट्यूटर आभा ओरियल को उप प्राचार्य बनाया गया है। इसके अलावा 23 अन्य को नर्सिंग कॉलेज में प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पोस्ट पर प्रभार दिया गया है।



जीएनएम स्कूल आफ सतना: यहां प्रिंसिपल और 4 फैकल्टी मिले। अब नर्सिंग आफिसर पूजा सिंह को एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया है। इसके अलावा 8 अन्य का ट्रांसफर जीएनएम स्कूल आफ नर्सिंग में प्रभार पर भेजा गया है।



**लापरवाही**–मंदसौर की जीवनधारा शिवना नदी में इन दिनों जलकुम्भी की बहार है। स्थानीय प्रशाासन की अनदेखी या लापरवाही कहे कि ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जलकुम्भी जहां नदियों का पानी सोखती है वहीं कई बीमारियों का कारक भी होती है।

# होली ऑफर: शराब में भारी कमी

## अंग्रेजी की बोतल अब मात्र 800 रूपए में, नीमच और मंदसौर में दुकानों पर सस्ते दाम पर मिलेगी शराब

**नीमच/मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** होली पर्व को लेकर हर वर्ग में उत्साह और उमंग है। आज 24 मार्च को होलिका दहन होगा और 25 मार्च को धुलेंडी मनेगी। मंदसौर और नीमच जिले में 24 मार्च रविवार से ही होली बंपर आफर लाईसेंसी ठेकेदार द्वारा दिया जा रहा है। इसमें भाव में भारी कमी अंग्रेजी ग्रीन पार्क में की गई है। शराब ग्रीन पार्क पूर्व में 1200 से 1500 रूपए भाव मिलती थी, जिसे घटाकर बंपर होली ऑफर में 800 रूपए में दी जाएगी। लाइसेंसी ठेकेदार द्वारा नीमच और मंदसौर में यह भाव तत्काल प्रभाव से 24 मार्च सुबह से लागू करने के निर्देश दिए है। शराब कंपनी के मैनेजर कैलाश रावत (उस्ताद) ने बताया कि होली के जश्न को लेकर यह स्पेशल ऑफर दिया जा रहा है। बता दें कि स्पेशल आफर ग्रीन पार्क अंग्रेजी पर ही लागू है, जो कि महंगी में शुमार है। महंगी होने के कारण मध्यम वर्ग के लोग इसे खरीद नहीं सकते थे, लेकिन अब होली आफर में सस्ते दामों पर इसका लुत्फ उठा सकेंगे।

## मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में शनिवार को नीमच जिले में मतदान दलों के कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने वाले विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मीं गामड, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को एसएलएमटी श्री मनोज जैन ने मतदान दल प्रशिक्षण, मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों की संख्या, वितरण स्थान एवं व्यवस्थाएं, पीटासीन अधिकारियों को दी जाने वाली सामग्री मतदान केंद्र पहुंचने पर की जाने वाली कार्यवाही, नोटिस प्रदर्शित करने, वेबकास्टिंग, वेबकास्टिंग के दौरान कैमरे की स्थिति, मतदान दल के साथ बैठक, मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदान प्रारंभ होने के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल का आयोजन, वास्ततविक मतदान के लिए कंट्रोल यूनिट तैयार करने, गम्भीर भूल या गलतियां नहीं करने, मतदान प्रारंभ करने, मतदाताओं की पहचान के दस्तातवेज आदि बिंदुओं पर पावर प्रजेन्टे शन के माध्यरम से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासा एवं प्रश्नों का समाधान भी किया गया।






# श्री चिंताहरण महादेव मंदिर पर शिव पार्वती परिवार की पुन: प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय जनकुपुरा क्षेत्र में मदारपूरा मार्ग पर अन्नक्षेत्र भवन के सामने स्थित अति प्राचीन श्री चिन्ताहरण महादेव मंदिर गर्भगृह जीर्णोद्वार के बाद महादेव परिवार की पुन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो दिवसीय पुजन अर्चन और अनुष्ठान के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गर्भ ग्रह का जीर्णोद्वार कार्य करवाने वाले देवलोकवासी श्री विनोद गर्ग अंबिका के सुपुत्र नवनीत गर्ग एवं पोत्र अर्जुन गर्ग , मंदिर समिती अध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल समाज देशी पंचायत के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, समाजसेवी श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री प्रहलाद काबरा ,श्री जगदीश चंद्र सेठिया , सूरज मल गर्ग चाचाजी,अरुण शर्मा, मोहनलाल गोयल, नेमीचंद राठौड़,क्षेत्रीय पार्षद सुनील बंसल , सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विद्वान आचार्य पण्डित श्री सत्यनारायण जोशी के आचार्यत्व में विधि विधान के साथ संपन्न हुआ जिसमें श्री नितिन शिंदे , ओमप्रकाश गोयल,श्री राजू ओझा, श्री लोकेश अग्रवाल, श्री ओम प्रकाश गुप्ता सपत्नीक हवन पूजन में बैठे थे। पूर्णाहुति और भगवान की प्राण प्रतिष्ठा में श्री नवनीत गर्ग,नरेंद्र अग्रवाल, नेमीचंद राठौड़ , अर्जुन गर्ग, संजय अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, संजय मित्तल, मनीष गर्ग,राकेश साहू, राकेश डोसी, ललित बाहेती, सन्तोष गोयल, संजय वर्मा, मुकेश सोनी, प्रकाश अग्रवाल, संजय सिंहल, मुकेश अग्रवाल , बंटी सोमानी,दिलिप चव्हाण, गिरीश अग्रवाल, संजय पानवाला सहित बडी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे।

मंदिर समिति अध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि श्री चिन्ताहरण महादेव मंदिर मंदसौर शहर का प्राचीन मंदिर है जहां पर प्रतिदिन भगवान महादेव की पूजा अर्चना करने हेतु बड़ी संख्या में भक्तगण आते हैं। लंबे समय से मंदिर छोटा होने से एक साथ पूजा अर्चना करने में समस्या आ रही थी ,।महादेव भक्त समाजसेवी श्री विनोद गर्ग जब एक दिन मंदिर के दर्शन करने आए तो उनके समक्ष मंदिर गर्भ गृह बड़ा करने का प्रस्ताव रखा तो तत्काल उन्होंने मंदिर गर्ग ग्रह का कार्य करवाये जाने की स्वीकृति दी और दो माह की अल्प अवधि में मंदिर कार्य पूर्ण हुआ लेकिन महादेव की इच्छा कुछ और थी। समाजसेवी श्री विनोद गर्ग अचानक अस्वस्थ हो गए और महादेव के चरणों में समा गए। विनोद जी की भावना अनुसार मंदिर गर्भ गृह का कार्य निरंतर चलता रहा और आज जब मंदिर गर्भ गृह का कार्य पूर्ण हुआ तो परिजनों की उपस्थिति में मंदिर में महादेव परिवार की पुन: प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की गई। इस अवसर पर श्री नवनीत गर्ग ने कहा कि यह महादेव की कृपा है कि उनके पिताजी द्वारा देखा गया सपना पूरा हुआ उन्होंने कहा कि वह उनके पिता की परछाई बनने की कोशिश करेगें । उनके पिताजी को तो सामाजिक धार्मिक कार्यों के अलावा खेलों के क्षेत्र में भी काफी रुचि रही बड़े-बड़े आयोजन उन्होंने मंदसौर में करवाए हैं। उन्होंने कहा की कोशिश करेंगे कि वह उनके बताएं मार्ग पर निरंतर चलते रहे और समाज एवं दीन दुखियों की सेवा करने में जुटे रहे। श्री गर्ग ने मंदिर परिसर के खाली पड़े भूभाग पर पेवर ब्लॉक एवं सीमेंटीकरण का कार्य करवाये जाने की भी अपने पूज्य पिताजी की भावना अनुसार स्वीकृति प्रदान की। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पश्चात संध्या महा आरती और महाप्रसादी में राजेश डोसी, गोपाल मंडोवरा, प्रो अशोक अग्रवाल, गोविंद गोयल, दाऊ भाई विजयवर्गीय, कन्हैयालाल दया, रमेश काबरा, अनिल मित्तल, भगवान भाई विजयवर्गीय, अशोक सेठिया, दिनेश गर्ग, संजय सिंहल, विपीन बारिक, सत्यनारायण अग्रवाल, टिंकूगर्ग, राकेश दुग्गड, अनिल अग्रवाल, अजय मित्तल, डा आशीष अग्रवाल, डा दीपक अग्रवाल,सुमीत मित्तल, दिलिप सेठिया, नरेंद्र त्रिवेणी, टिकलु खण्डेलवाल, दिलीप जैन, गोविन्द भाई पारिख, ओम अग्रवाल, जीतू जैन, सहित बडी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे। धार्मिक कार्यक्रम का संचालन नितिन शिंदे ने किया तथा आभार नरेंद्र अग्रवाल ने माना।

# जिला जैल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न



**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राज्य मानवधिकार आयोग के जिला जेल के निरीक्षण एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय नीमच के चिकित्सा दल द्वारा जिला जेल नीमच में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में मेडिकल विशेषज्ञ डा.सतीश चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.संगीता भारती, डेन्टल विशेषज्ञ डा.प्रियंका देपुरिया, एवं जेल डा. अजीत शक्तावत व अन्य मेडीकल स्टाफ द्वारा सभी परिरूद्ध बंदियों का नैत्र परीक्षण, एचआईवी, टीबी, हेपेटाईटिस ए व बी, सिफलिस, की पेथोलाजी जांच की गई। चिकित्सा दल द्वारा बंदियों को आवश्यकतानुसार दवाईयां भी वितरण की गई। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक श्री यशवंत कुमार मांझी, सहायक अधीक्षक डा.अंशुल गर्ग, प्रमुख मुख्य प्रहरी श्री अरूण सिंह गहरवार एवं अन्य सुरक्षा स्टाफ उपस्थित थे।

### आजादी के दीवानों को शहीद हुए 93 साल हो गए लेकिन...

# बीमारियों व वासनाओं से आजादी मिलना बाकी है

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को दलौदा नगर की नियमित योग कक्षा में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया।

योग प्रशिक्षक महेश कुमावत ने बताया आजादी के इन दीवानों को बलिदान हुए 93 साल हो गए लेकिन अभी एक और लड़ाई बाकी है। देश को जीवनशैली रोग, नशा, बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा और हृदय की बीमारियों से आजादी दिलानी है,आज भी पूर्ण रूप से बीमारियों से,भोगों से ,वासनाओं से आजादी नहीं मिली है इसके लिए हमें दिनचर्या के साथ-साथ हमें प्रतिदिन भोर में उठकर एक घंटा योगिक तपस्या करनी चाहिए जिससे हम स्वस्थ होंगे, हमारा नगर जिला स्वस्थ होगा साथ ही यंग इंडिया और फिट इंडिया का सपना भी पूरा हो सकेगा। कुमावत ने कहा कि दूसरा आर्थिक आजादी के लिए धड़ल्ले से बिक रहे 99 प्रतिशत विदेशी कंपनियां की वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। मल्टीनेशनल कंपनियों के उत्पाद गांव गांव तक पहुंचने लगे हैं, इससे हमारा प्रदेश और देश आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा हे। यह विदेशी कंपनियां देश में कभी भी आपदा के समय कोई सेवा कार्य नहीं करती उल्टा मुनाफा देश के बाहर जाता है, इसलिए इन कंपनियों के सभी उत्पादों का बहिष्कार सर्व समाज को करना चाहिए। इस अवसर पर विजय मेहता, सुमित सेन, विशाल पोरवाल, नागेश्वर पालीवाल, नितेश पाटीदार, रानू पाटीदार ,ज्योति गोस्वामी, विशाल पाटीदार आदि ने उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# सिंचाई परियोजनाओं में किसानों के नजरिए से पानी के सिंचाई पॉइंट देने के लिए समिति बनाएं-राजोरा

## अपर मुख्य सचिव राजोरा ने मंदसौर जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजोरा की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागृह में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने जिले में संचालित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की परियोजना अंतर्गत वर्तमान में किसानों को सिंचाई के लिए पानी के पॉइंट प्रदान किये जा रहे हैं। इस कार्य को और बेहतर तरीके से करने के लिए एक समिति बनाई जाए। समिति यह तय करे कि किसानों के नजरिए से कौन सा पॉइंट बेहतर हो सकता है। उसके अनुसार बेहतर मॉडल तैयार किया जाए। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल निगम के कार्यों में सोलर ऊर्जा को भी जोड़ा जा सकता है। जहां से पानी सप्लाई होगा वहां पर सोलर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है, इस पर काम करें। जल निगम विभाग द्वारा बताया गया कि दिसंबर 2024 तक जल निगम का कार्य पूर्ण हो जाएगा। गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। उन्होंकने कहा कि सीएम राइस स्कूल अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा बच्चों के एडमिशन स्कूल में हो इसके लिए शिक्षा विभाग इस पर विशेष तौर पर ध्यान दें। जिले में 7 स्कूलों का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें से जुलाई सत्र से गुर्जर बढ़िया, साबाखेड़ा एवं मल्हारगढ़ में सीएम राइस स्कूल प्रारंभ हो जाएंगे। उपार्जन अंतर्गत किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें। उपार्जन के पश्चात परिवहन तीव्र गति से हो। खाद को लेकर किसानों को कोई चिंता नहीं होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में संचालित पीएससी, सीएससी की जानकारी ली गई। जन औषधि केंद्र का लाभ जनता को मिले, इसका व्यापक प्रचार प्रसार हो। नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें। जिले में किसी क्षेत्र में पानी की ज्यादा समस्या हो, तो समस्या का कैसे निदान किया जा सकता है इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजें। इसके साथ ही बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, सेतु निगम, सिहस्थ 2028 के प्रस्तावित कार्य, एमपीईबी, कृषि विभाग, आरईएस के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम सहित निर्माण कार्यों से जुड़े सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ उमा गगरानी ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल द्वारा प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत महाविद्यालय में सीवी रमन पर एक लघु चलचित्र छात्राओं को दिखाया गया तथा एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें शा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वनस्पतिशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ.प्रेरणा मित्रा द्वारा ' केरियर इन सांइस' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया डॉद्ब- मित्रा को छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में पारंपरिक एवं आधुनिक विषयों में केरियर बनाने हेतु अत्यधिक रोचक जानकारी दी जिससे छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहायता होगी तथा उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे। इसी श्रृंखला में शा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष सुश्री खुश्बू मंडावरा द्वारा 'द ग्रेट साइन्टिस्ट - सी वी रमन' विषय पर विस्तृत तथा रोचक व्याख्यान दिया गया जिसमें डॉ सी वी. रमन के जीवन पर प्राकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों के बारे में भाषाओं को अवगत कराया। विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं हेतु रगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ।। छात्राओं ने विज्ञान विषय पर अति आकर्षित रंगोलियां बनाई। इसमें प्रथम स्थान पूजा पाटीदार द्वितीय स्थान मधुबाला माली तृतीय स्थान अनम खान ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता 'विश्व जल दिवस' पर विषय पर आयोजित की गई जिसमें कुल 16 छात्राओं ने भाग लिया तथा अनुष्का जैन ने प्रथम, साक्षी चंद्रावत ने द्वितीय तथा पूजा पारीदार की तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पी एल पाटीदार द्वारा विश्व जल दिवस पर जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जल एक एक बूंद सहेजने का वक्त आ गया है। ग्लोबल वार्मिंग तथा क्लाइमेट चेंज से होने वालचे दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ कविता बुन्देला द्वारा किया गया।

### आवारा कुत्तों (श्वान) द्वारा आमजन पर हमला करने की घटनाओं को नियंत्रण करने के लिए...

# जिले में 1973 की धारा 144 (2) लागू

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकहितों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं सूरक्षा व्यकवस्था बनाए रखने हेतु मंदसौर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के प्रावधानों को लागू करते हुए सम्पूर्ण जिले की राजस्व1 सीमाओं में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले में स्थित समस्त वेज /नान-वेज (मॉस-मटन) होटल/ढाबा संचालक, मछली/मुर्गा व अण्डे का विक्रय करने वाले दुकानदार/संचालक उनके संस्थान/ दुकान से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को खुले में नही डालें एवं उसका निस्तारण इस प्रकार करे कि, वेस्ट मटेरियल का भक्षण कुत्ते या अन्य कोई जानवर नहीं कर सके। जिले की राजस्व सीमा में स्थित पशु-पालक अपने किसी पशु की मृत्यु होने पर मृत पशु को खुले में नही डाले तथा जिले में स्थित गोशालाओं में भी यदि किसी पशु की मृत्यु हो जाती है तो मृत पशुओं का निस्तारण संबंधित स्थानीय निकाय जैसे नगरपालिका नगर परिषद, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत आदि को सूचित कर कराया जाये। गौशालाओं में पशु की मृत्यु का दिनांकवार रजिस्टर संधारित किया जावे। जिले में स्थित समस्त नगर पालिका नगर परिषद/ जनपद पंचायत/ ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र में इस प्रकार के दलों का गठन करें कि उन्हे क्षेत्र में पशु के मृत होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मृत पशु को उठवाया जावे एवं उसका निस्तारण विधिनुसार इस प्रकार से करावें कि मृत पशुओं का भक्षण कुत्ते या अन्य जानवर नही कर सके। दलों की गठन की सूचना आम-जन को भी दी जावे ताकि वे परस्पर संसूचित कर सकें। क्षेत्र में कही भी पशु के मृत होने की जानकारी मिलने पर आम-जन इसकी सूचना नगर पालिका/नगर परिषद, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत को दें ताकि मृत पशु के निस्तारण की कार्यवाही शीघ्रता से की जा सके। आम-जन भी अपने घरों से निकलने वाला वेस्ट खाद्य पदार्थ खाना आदि बाहर खुले में नहीं डाले एवं उसका निस्तारण नगर पालिका/स्थानीय निकायों की कचरा गाड़ी में डाल कर किया जावे।

यह आदेश सर्वसाधारण आम-जनता/समस्त वेज/नान-वेज (मॉस-मटन) होटल, ढाबा संचालक, मछली/मुर्गा व अण्डे का विक्रय करने वाले दुकानदार/संचालकों को संबोधित है और इसकी तामिली प्रत्ये्क व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और सुनवाई संभव नहीं है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्य क्तियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता धारा 188 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राणिकी विभाग द्वारा विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल.एन.शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों और जनमानस को प्रेरित करने साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं जल संरक्षण के महत्व को लेकर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी.आर. नलवाया द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर की सराहना की एवं विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। विश्व वन दिवस के अवसर पर बताया कि हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पर्यावरण संरक्षण आज की अनिवार्य आवश्यकता है हमारे बदलते पर्यावरण की गंभीर चिंताओं को लेकर जागरूक होकर हमें इसके संरक्षण का कार्य करना होगा ताकि मानव प्रजाति के साथ सभी जीवों का अस्तित्व बना रहे। प्राणिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सोनगरा ने विद्यार्थियों को बताया गया कि जल दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को जल का महत्व बताना है और इसे बचाने के प्रयासों की ओर लोगों को अग्रसर करना है। दुनियाभर में 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पहला विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया था। इसे पहली बार 1992 में रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सम्मेलन में प्रस्तावित किया गया था और तब से हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। विभाग के बी.एस.सी एवं एम.एस.सी. के लगभग 50 विद्यार्थियों ने अपने पोस्टर को प्रदर्शित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. खुशबू मंडावरा, चित्रकला विभाग से प्रो. कुलवंत कौर टुटेजा एवं कंप्यूटर विभाग से प्रो. मनीष तिवारी उपस्थित रहे। जिसमें प्रथम पुरस्कार दीक्षा नागर, द्वितीय पुरस्कार दीपिका सोनी, तृतीय पुरस्कार प्रियांशी त्रिपाठी ने प्राप्त किया। साथ ही विभाग के प्राध्यापक प्रो.सिद्धार्थ बरोड़ा, प्रो.गौतम मेघवाल, डॉ.शिखा ओझा, प्रो. रितु शर्मा, प्रो.हिमांशी रायगौड़,प्रो. चीना मिंडा, प्रो. कुंदन माली, श्रीमती मनीषा कोठारी, श्री.अशोक नागौरे एवं सहायक श्री प्रकाश सिंगोत उपस्थित रहे।

# टीवी व सोशल मीडिया पर आ रहे अश्लील विज्ञापन व दृश्यों पर रोक लगाई जाए

## ग्राहक पंचायत ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नाम दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** टीवी एवं सोशल मिडिया पर आरहे अश्लील विज्ञापन व दृश्यों पर सख्ती से रोक लगाने हेतु आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला मंदसौर ने एक ज्ञापन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के नाम तहसीलदार मसारे को दिया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष नवनीत शर्मा ने ज्ञापन में बताया की आजकल देखने में आ रहा हे की टेलीविजन व सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर अश्लील विज्ञापन भारी मात्रा में आ रहे है।जिससे समाज में अश्लीलता बढ़ती जा रही हे जिसके कारण समाज में अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं।ऐसा कई बार देखने में भी आता हे की जब हमारे बच्चे मोबाइल चलाते हे तो उसमे अचानक अश्लील वीडियो दिखाई देने लग जाते है।जब हम परिवार या बच्चों के साथ बैठकर टीवी भी देखते है तो कई अश्लील विज्ञापन आने से हम कुछ समय के लिए असहज हो जाते है, उस समय की जो स्तिथि निर्मित होती है वह बड़ी गंभीर होती है। साथ ही फेसबुक पर भी शार्ट वीडियो जो की अश्लीलता से भरे होते है वह भी बड़ी मात्रा में आरहे है।भारत जैसे देश में इस प्रकार की अश्लीलता भरे विज्ञापन का प्रसारण होना बहुत गलत है। हम देश को व बच्चो को किस और ले जा रहे है।ग्राहक पंचायत ने भारत सरकार से मांग करी हे की जल्द से जल्द टेलीविजन व सोसल मीडिया पर इस तरह के विज्ञापन पर रोक लगाई जाये अन्यथा ग्राहक पंचायत इसको लेकर चरण बद्ध आंदोलन करेगा।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्वीहप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं कोमतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरूक हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।

# सरलता और सजगता से त्यौहार मनाने का सुझाव

## रंग लगाने के लिए भले ही छूना, पर किसी को छूने के लिये रंग मत लगाना



**सुवासरा, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** होली रंग बिरंगे रंगों का ही नहीं बल्कि प्रेम,सद्भाव और भाईचारे का पवित्र त्यौहार है। वसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जानेवाला यह भारतीय त्यौहार शैतानी शक्तियों के खिलाफ अच्छाई की विजय के रुप में हर साल मनाया जाता है। साल के फाल्गुन महीने में मनाया जाने वाला यह अत्यंत प्राचीन पर्व है। इस दिन बच्चे बड़े और युवा रंगो से रंगीन खेल खेलते है। उत्साह से भरा ये होली का त्यौहार हमारे लिये एक दूसरे के प्रति स्नेह और निकटता लाने का काम करता है। इसमें लोग आपस में मिलते है, गले लगते है और एक दूसरे को रंग और अबीर लगाते है।

वसंत ऋतु के शुरुआती इस त्यौहार का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है और हर व्यक्ति इसको एक अलग तरीके से मनाने की तैयारी करता हैं। यह रंग और गुलाल का पर्व खुशहाली और मस्ती का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति के साथ सामंजस्य और सहभागिता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। यह जीवन के दुखों को भुलाकर अंतरमन में नया उत्साह भरने का पर्व है। यह समाज में सौहार्द और आपसी सहयोग बढ़ाने का संदेश देने वाला पर्व भी है। होली का पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की तथा नास्तिकता पर आस्तिकता की विजय की घोषणा करता है।

**होली के दौरान यह सावधानियां बरतें**-सुवासरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता टीना सोनी ने बताया कि इस त्यौहार के दौरान हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। आज कल बाजार में कई केमिकल युक्त रंग (कलर) आ रहे है,जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते है। इसलिए प्राकृतिक केमिकल रहित रंगों का ही उपयोग करें। हो सके तो रंगों के बजाय गुलाल, रोली आदि का उपयोग करें तो बेहतर होगा। रंग- गुलाल लगाते समय यह ध्यान रखें कि वह आंख, कान में न जाने पाए। पशु- पक्षियों पर रंग- गुलाल न डालें,क्योंकि वो उसे साफ करने के लिए अपनी जीभ का उपयोग करते है,जिससे वह उनके पेट में चला जाता है उससे वे बीमार भी हो सकते है। आज कल हर व्यक्ति के पास मोबाइल फोन होता है। पानी में घुला हुआ रंग डालते समय यह ध्यान रखें कि सामने वाले व्यक्ति के मोबाइल आदि का नुकसान न हो,यह विवाद की बजह बन सकता है। रंग लगाते समय किसी को छुना बुरा नहीं है, लेकिन छूने के लिए ही रंग लगाने की दूषित मानसिकता बेहद गलत है, इससे बचें। रंग के त्यौहार को तरंग का त्यौहार मत बनाइये, होली के अवसर पर नशीली बस्तुओं से दूरी रखें।



# मंदिरों के बाहर श्रीराम व अन्य देवी-देवताओं के दीवार लेखन हटाने से धार्मिक भावनाएं होगी आहत-सिसौदिया

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर मंदसौर के शासकीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के निजी मकानों और मंदिरों की दीवारों पर प्रभु श्री रामलला के लगाए गए स्टीकर, स्लोगन और दीवार लेखन को मिटाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने मंदसौर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव से चर्चा की। श्री सिसोदिया ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिले के अधिकारी आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर लोगों के घरों की दीवारों व मंदिरों में प्रभु श्रीराम के लगाए गए स्टीकर व लिखे गए नारे व स्लोगन को हटा रहे हैं। प्रभु श्रीराम करोड़ों-करोड़ भारतीयों के आराध्य हैं, प्रभु श्रीराम के स्टीकर, स्लोगन व दीवार लेखन को मिटाने या हटाने से हम सनातनियों की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कलेक्टर से चर्चा कर दीवारों व मंदिरों के बाहर भगवान श्रीराम के लगे स्टीकर, स्लोगन व दीवार लेखन और शासकीय कार्यालयों से जनप्रतिनिधियों की नाम पट्टिकाओं को न हटाने के लिए आग्रह किया है।

श्री सिसौदिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता की कंडिका क्रमांक-9.6.1 में स्पष्टकिया गया है कि ऐसे लाभार्थी कार्ड, निर्माण स्थल पट्टिका आदि पर राजनैतिक पदाधिकारियों के फोटो पर कोई आपत्ति नहीं है, जो निर्वाचन की घोषणा के पहले निर्मित किए गए हों। वहीं विशेष संदर्भ में उल्लेखित है कि किसी भी प्रकार से प्राइवेट दीवारों पर की गई पुताई या चिन्हों को नहीं हटाना है, जो भवन स्वामी की सहमति से पोता या लिखा गया हो। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता शासकीय कार्यालयों में अपने महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर पहुंचती है, अगर जनप्रतिनिधियों की नामपट्टिकाओं को हटा दिया गया तो, जनता को अपने कार्यों के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा। श्री सिसौदिया ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया कि आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत जो मापदंड है उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कम्प्यूटर विषय की प्रायोगिक परीक्षा 26 को

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि बी.एस-सी. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष कम्प्यूटर साईस विषय के मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टीव विषय के नियमित, एक्स.स्टूडेंट, स्वाध्यायी एवं पूरक प्राप्त विद्यार्थियों की कम्प्यूटर साईस विषय की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 26 मार्च, 2024 को प्रात: 10.00 बजे से कम्प्यूटर विभाग में आयोजित की गई है। अत: सम्बन्धित विद्यार्थी निर्धारित समय पर प्रायोगिक परीक्षा में आवष्यक दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु विद्यार्थी कम्प्यूटर विभाग में सम्पर्क करें।

## सेवानिवृत विद्युतकर्मी के इंतकाल पर जताया शोक

**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल सेवानिवृत लाइनमेन ताज मोहम्मद (धारियाखेड़ी) के इंतकाल पर मप्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन, साख संस्था मर्यादित सदस्य मानमल खिंचावत पिपलियामंडी, शिवशंकर कनघट्टी, बंशीलाल चोहान बोतलगंज आदि ने ताज मोहम्मद के निवास पहुंच शोक संवेदना जताई। खिंचावत ने बताया कि उनकी नामिनी बशीरन बी को सदस्य बनाया। इसी तरह बोतलगंज में निसार मन्सूरी के इंतकाल पर उनकी नामिनी अनीसा बी को सदस्य बताया।



# धुलेंडी पर्व पर बालाजी ग्रुप की निकलेगी रंगारंग महागैर

## समाज प्रमुखों के साथ बैठक सम्पन्न, मंदसौर वासियों से सम्मिलित होने की अपील

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महावीर फतेह करे सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) की शनिवार को तेली समाज धर्मशाला में पुलिस प्रशासन व समाज प्रमुखों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह उपस्थित हुए। जिन्हें ग्रुप जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी द्वारा धुलेंडी पर्व 25 मार्च, सोमवार को मंदसौर नगर में निकाली जाने वाली रंगारंग महागैर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में लोकेन्द्र बैरागी ने बैठक में कहा कि मंदसौर में धुलेंडी पर्व पर गैर निकालने की परम्परा को बालाजी ग्रुप ने जीवित रखा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रुप द्वारा जनकूपुरा स्थित गणपति चौक से भव्य रंगारंग गैर मंदसौर नगर में निकाली जाएगी। जिसमें वृंदावन का महारास, दिल्ली की चलित झांकिया, मंदसौर के ढोल, तोप द्वारा फूल व गुलाल की बारिश विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। साथ ही फायर फायटर से रंगों व फूलों की बरसात भी की जाएगी। 31 क्विंटल हर्बल गुलाल व 11 क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। इस गैर का गुलाल, पुष्पवर्षा व स्वल्पाहार से कई जगह स्वागत भी होगा। श्री बैरागी ने कहा कि बालाजी ग्रुप की गैर अनुशासन रूप से निकाली जाती है इसी परम्परा को इस वर्ष भी सभी सदस्य बनाये रखेंगे। ग्रुप द्वारा 101 कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौपी गई है। बैठक में शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह ने कहा कि गेर में ध्यान रखे कि कोई नशा कर शामिल न हो तथा कोई किसी को जबरदस्ती रंग न लगाये। होली को सभी भाई चारे से मनाये। हुड़दंग करने वालों पर पुलिस विशेष निगाह रखेगी। ग्रुप के नगर अध्यक्ष गणपत कुमावत ने महागेर की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में पं. विष्णु शर्मा, पं. दिलीप शर्मा, विनय दुबेला, कन्हैयालाल सोनगरा, रूपनारायण मोदी, रविन्द्र पाण्डेय, राजाराम तंवर, महेश मोदी, जीवन गोसर, सत्येन्द्रसिंह सोम, प्रवीण शर्मा, नरेश परमार, विक्की गोसर, घनश्यामसिंह तोमर, सुरेश भावसार, श्याम पहलवान, लोकेश ठाकुर, मुकेश कुमावत, प्रदीप बैरागी, आर्यन सोनगरा, अभिषेक कोठारी, ओम सोनी, विरेन्द्र गेहलोद, गोविन्द कहार, जितेन्द्र डोडिया, लखन चुडेलिया, सतपाल वर्मा, महावीर मोर्य, वासुदेव माली, पंकज माली, ललित राठौर, रोहित चौहान, पियुष चौहान, किशन, प्रदीप सिगलीकर, रूपनारायण सत्यवासी, विक्रम वर्मा, अभिषेक कुमावत, दीपक जाट, विनोद चौहान, अरिहंत भावसार, दीपकराव मराठा, बाबू देवडा, सन्नी बल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद पिंटू शर्मा ने किया एवं आभार राठौर समाज अध्यक्ष राजकुमार राठौर ने माना।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक संपन्न

## प्रमुख संगठनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से सांसद गुप्ता ने की भेंट




**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के धुंधडका मंडल में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित समाज प्रमुख सम्मेलन में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। साथ ही उन्होने मंदसौर नगर में विभिन्न सामाजिक संगठनों व नगर के वरिष्ठ नागरिकों से भेट की।

सांसद गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हमें उन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का प्रयास करना है। सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए कार्य कर रही है और यह क्रम निंरतर जारी रहेगा। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसका विकास करना है और इस लक्ष्य की ओर हम तेजी से बढ़ रहे है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा का एक अंग भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा है। इस चुनाव के विजय संकल्प अभियान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा बूथ स्तर तक काम में जुड़ जाए। प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हमे हर योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। साथ ही इस चुनाव में लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को एक बार फिर संसद में भेज कर क्षेत्र की आवाज को बुलंद करना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह, मंडल प्रभारी शिवराजसिंह राणा, मंडल अध्यक्ष जीवन शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

**संगठनों व वरिष्ठ नागरिकां से की भेंट**-इसके पश्चात सांसद गुप्ता ने नगर में प्रमुख संगठनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से भेट की। उन्होने अधिवक्ता संघ से मुलाकात कर चर्चा की। इसी के साथ ही मीसाबंदी (स्वतंत्रता सेनानी) श्री हंसराज जी कबाड़ी के निवास पर मुलाकात एवं चर्चा की। इसके पश्चात सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत, डॉ. रमेश जी देवड़ा के निवास पर मुलाकात एवं चर्चा की। उन्होने कहा कि मोदी सरकार और संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रमुख संगठन व वरिष्ठ नागरिक समाज का आईना होते है। उनके मार्गदर्शन में पहले समाज, फिर नगर और फिर देश विकास के मार्ग की ओर अग्रसर होता है।

# राष्ट्रीय एकता शिविर में जिले का नेतृत्व कर लौटी युक्ता बोराना

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एलएन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के स्वयंसेविका युक्ता बोराना पिता पवन बोराना का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर फतेहाबाद हरियाणा में हुआ है। इनका चयन राष्ट्रीय सेवा योजना में नि:स्वार्थ एवं समर्पित भाव से सेवा कार्यों को देखते हुए हुआ है। यह शिविर 12 से 18 मार्च तक मनोहर मेमोरियल पीजी कॉलेज फरीदाबाद, हरियाणा में लग रहा हैं। युक्ता बोराना विश्वविद्यालय के साथ ही पुरे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व भी करके लौटी है। युक्ता बोराना ने शिविर में आयोजित होने वाली संपूर्ण गतिविधियों में बढ़-चढ कर भाग लिया साथ ही शाम के समय होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संदेश दिए वह साथ ही मध्य प्रदेश की टीम के साथ मिलकर स्वयंसेवक ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अपने मध्य प्रदेश की संस्कृति को उजागर किया साथ ही सुबह निकलने वाली प्रभात फेरी में स्वय सेवको ने मतदाता जागरूकता नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण जल बचाओ पर्यावरण सुरक्षा आदि जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गीत गायन के माध्यम से जागरूक किया। एवं शिविर के अंतिम दिवस पर स्वय सेवको को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्टकार्य के लिए सम्मानित कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इनके इस चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एल.एन.शर्मा, रासेयो जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य, डॉ. गोरा मुवेल सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्ववल भविष्य की कामना की।





# डा. हिमांशु यजुर्वेदी 17वी बार राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानीत

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में विगत लंबे समय से रक्तदान और उससे जुड़ी अनेक गतिविधियों को सतत रूप से एक मिशन के रूप में लेकर सेवा कार्य करने वाले मनोचिकित्सक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को, हिमालयन सेवियर्स, कांगडा, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से 'निस्वार्थ सेवा' राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कारगिल युद्ध सेना नायक श्री दीपचंद, श्री मुनिष शर्मा अध्यक्ष हिमाचल बास्केटबाल संघ एवं मंचासिन समाजसेवियों के संयुक्त कर कमलों से प्रदाय किया गया।

इस सम्मान समारोह में देश भर के 25 से अधिक राज्यों के तकरीबन 200 रक्तसेवियों, संस्था प्रमुखों और रक्तसेवा से जुडे रक्तमित्रों को आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है की डॉ हिमांशु यजुर्वेदी वर्ष 1997 से रक्तदान के क्षेत्र से जुड़कर लगातार इस सेवा कार्य को कर रहे है, जिसके चलते उनके द्वारा अब तक स्वयं 56 बात रक्तदान किया जा चुका है और अनेक व्यक्तियों और संस्थाओं के सहयोग से देशभर में कई जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाया है। इसी सेवा प्रकल्प के चलते अब तक भारत वर्ष के 7 राज्यों में अनेक उपाधियों ब्लड कमांडो, ब्लड मैन, ब्लड मशीन और रक्तवीर जैसी उपाधियों से अलंकृत किया जा चुका है। वर्तमान में डॉ यजुर्वेदी द्वारा थेलेसिमिया उन्मूलन और जागरण पर प्रदेश स्तर पर कार्य किया जा रहा है ताकि इस बीमारी से होने वाले संतान की उत्पत्ति को रोका जा सके और पीड़ित बचो को समुचित उपचार मिल सके।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

## मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीजप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव- गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है तथा महिलाएं हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।

## मतदाताओं को किया जा रहा हैं जागरूक

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता की विभिन्नर गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं। जिले में मतदाताओं को तख्तियों के माध्य म से मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया जा रहा हैं साथ ही उन्हें दूसरों को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा हैं। मतदाता जागरूकता की शपथ ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



# शहीद दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

**सीतामऊ/मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला चिकित्सालय मंदसौर के रक्त कोष में रक्त की कमी को देखते हुए संस्था रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की याद में आज शहीद दिवस पर ग्राम दलावदा के कुशवाह समाज धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया था जिसे युवाओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

रक्त दान शिविर में सर्वप्रथम भारत माता चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की तथा उसके पश्चात भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु जी के चित्रों पर भी गांव के सरपंच महोदय आदरणीय मुकेश माली जादव और संस्था के सक्रिय सदस्यों ने मिलकर माला पहनाकर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात शिविर में प्रथम रक्त दाता करण सिंह गुर्जर निवासी रलायता ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 23 युवाओं ने रक्त दान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य और इस रक्तदान शिविर के मुख्य आयोजनकर्ता बलराम कुशवाह ने रक्तदान करके शिविर को संपन्न किया। रक्त संग्रहण जिला चिकित्सालय मंदसौर की रक्त कोष टीम द्वारा किया। उक्त जानकारी संस्था रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन (रजि.) मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद कुशवाह निवासी दलावदा द्वारा दी गई।

## कक्षा पांचवी में क्रिशा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय डेक्सटर ग्लोबल स्कूल कक्षा पांचवी के परीक्षा परिणाम में क्रिशा नरेंद्र अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कक्षा में टापर रहकर विद्यालय और परिवार को गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय की क्रिशा अग्रवाल आरंभ से ही प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान पर रही और इस बार कक्षा पांचवी के परीक्षा परिणाम में 94 प्रतिशत अंक लाकर कक्षा में टॉपर होने का गौरव भी हासिल किया।क्रिशा का कहना है कि वह प्रतिदिन स्कूल के अलावा घर पर भी दो घण्टे तक पढ़ाई करती है और खेल के समय खेलती भी और मनोरंजन हेतु टेलीविजन भी देखती है। क्रिशा ने बताया कि उनके स्कूल में भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों के प्रति भी पूरा ध्यान दिया जाता है। क्रिशा ने कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सेवा निवृत शिक्षिका अपनी दादी लीलादेवी अग्रवाल, मम्मी ममता और पापा नरेंद्र अग्रवाल के अलावा विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओ तथा परिजनों को श्रेय दिया।

# सामाजिक समरसता रंगोत्सव समिति का गठन



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामाजिक समरसता मंच द्वारा 30 मार्च को रंगपंचमी के पावन अवसर पर मंदसौर नगर में एक विशाल गैर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर जिला संघचालक श्री दशरथसिंह झाला की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर में एक वृहद बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामाजिक समरसता रंगोत्सव समिति का गठन किया जिसके अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी, सचिव अमरजीतसिंह चावला टीटू वीरजी व हेमन्त बुलचंदानी को सर्वानुमति से मनोनीत किया गया।

साथ ही सामाजिक समरसता रंग महोत्सव समिति के संरक्षक गोपालकृष्ण पाटील, गुरूचरण बग्गा, दृष्टानन्द नैनवानी, शांतिलाल बड़जात्या, विजेन्द्र सेठी, जगदीश सेठिया, पं. दिलीप शर्मा, सूरजमल गर्ग, नरेन्द्र मेहता, दाऊभाई विजयवर्गीय, कृष्णचन्द्र चिचानी, कारूलाल सोनी, प्रहलाद काबरा, राजेन्द्र अग्रवाल, राजाराम तंवर, धीरेन्द्र त्रिवेदी, नागेश्वर सोनी, डॉ. प्रवीणसिंह मण्डलोई, डॉ. कुशल शर्मा, घनश्याम बटवाल, रूपनारायण जोशी, ब्रजेश जोशी, राजमल गर्ग, रमेश काबरा, सुरेन्द्रसिंह खेजड़िया, बाबूलाल माली, विष्णु शर्मा, वरदीचंद कुमावत, संजय लोढ़ा, रमणीक पोखरना, हरिश अग्रवाल बनाये गये। उपाध्यक्ष हिम्मत लोढ़ा, नरेन्द्र अग्रवाल, राधेश्याम बरानिया, अरूण शर्मा, अशोक मारू, मुकेश चनाल, राजकुमार राठौर, जितेन्द्र गेहलोत, रविन्द्र पाण्डे, राम कोटवानी, महावीर जैन, विजय सुराणा, रूपनारायण मोदी, प्रदीप भाटी, शरद धींग, रूपलाल खटीक, वासुदेव सेवानी, महेन्द्रसिंह परमार, नन्दकिशोर राठौर, जगदीश चौधरी, प्रवीण गुप्ता, विकास भण्डारी, रमेशचन्द्र चन्द्रे, अमर जुनवाल, सरदारसिंह आरडीवाले, निर्विकार रातड़िया, इन्द्रमोहन सैनी, सत्येन्द्रसिंह सोम, सुरेन्द्र चौहान बंदूकवाला, योगेश पटेल, मुकेश खमेसरा, मानवेन्द्रसिंह चन्द्रावत बनाये गये। सदस्य मनोहर चौहान, रमेश खत्री, अजय सोनी, बाबूलाल राठौर, नन्दकिशोर परमार, बाबूलाल खोरेचा, शिवसिंह राणा, भूपेन्द्र शर्मा, गोपाल व्यास, सुधीर शर्मा, रमेश ग्वाला, सोहनसिह राजपाल, जसविंदरसिंह, योगेश पटेल, हीरा लालवानी, अशोक सोनी, आनंद तंवर, अरविन्द बोथरा, फुंदासिंह सिसौदिया, लक्ष्मण महाराज, विजय कोठारी, डॉ. ओ.पी. चौधरी, नरेश परमार, कन्हैयालाल पटेल, दशरथ कुमावत, अजय श्रीवास्तव, करण परिहार, नटवर वर्मा, प्रहलाद शर्मा, श्रवण गर्ग, मनोज सांखला, राजू अखेरिया, देवीलाल खत्री, श्रवण रजवानिया, सुरेश राठौर, हेमंत शाह, ब्रजेश सेन मारोठिया, शंभुसेन राठौड़, बंकट महेश सोमानी, प्रहलाद पंवार, हरिश अग्रवाल, रम्मू अग्रवाल, रत्नेश कुदार, राजेन्द्र पोरवाल, सुरेश भावसार, ओमप्रकाश भावसार, रूपलाल खटीक, अजय शर्मा, सुरेन्द्रसिंह चौहान, चन्द्रप्रकाश शर्मा, बालूसिंह सिसौदिया, विनोद मेहता, अर्जुन डाबर, हिम्मत डांगी, ललित पटेल, दिलीप सेठिया, मुकेश आर्य, विजेन्द्र फांफरिया, नरेन्द्र धनोतिया, नवनीत शर्मा, उमेश नैक्स, गोपाल दीवान, जितेश पंड्या, आशुतोष नवाल, चेतन जोशी, राजेन्द्र चाष्टा, मनोज बागड़िया, कैलाश गुर्जर, हरिराव जाधव, अनोखीलाल पाटीदार, उमेश पारीख, पुष्पेन्द्र भावसार, अशोक बघेरवाल, बाबूलाल गोस्वामी, मुकेश गुप्ता, गुड्डूबसेर, शेषनारायण माली, दीपक पटेल, सत्यनारायण रावल, बाबूलाल प्रजापत, अनिल मसानिया, प्रद्युमन शर्मा बनाये गये।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
**डॉ. परीक्षित शर्मा**
एम.डी. (स्कीन)
रविवार 24 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✲ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✲ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✲ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✲ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✲ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✲ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✲ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✲ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in